आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 06.12.2024 समय : 18.30 पीएम

- रिजर्व बैंक ने प्रमुख दरों में कोई बदलाव नहीं किया।
- प्रदेशभर में 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।
- संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया जा रहा है।
- जैविक खेती में बेहतरीन काम करने वाले किसानों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

000

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को साढे छह प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर सवा छह प्रतिशत और बैंक दर पौने सात प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने संभावित नकदी की कमी को दूर करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात में 50 आधार अंकों की कटौती कर इसे 4 प्रतिशत कर दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को संशोधित कर चार दशमलव आठ प्रतिशत कर दिया है।

000

प्रदेशभर में 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। राज्य की भजनलाल सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले ये शिविर 31 जनवरी तक चलेंगे। ये शिविर सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए जाएंगे। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जयपुर में स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि इन शिविरों में एलोपैथी और आयुष पद्धति से भी लोगों का इलाज किया जाएगा। टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से भी विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा। शिविरों में 37 तरह की जांच की सुविधा मुफ्त की जाएगी।

000

जयपुर में सोमवार से शुरू होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिट को देखते हुए शहर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर की प्रमुख सड़कों, सर्किलों और चौराहों पर फूलों से सजावट की है। इसके साथ ही सरकारी इमारतों पर भी रोशनी की गई है। जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त आनन्दी ने बताया कि शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के खास इंतजाम किये जा रहे हैं। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

000

गृह रक्षा बल का 62वां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया गया। जयपुर के पास फतेहपुरा गांव स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गृह रक्षा बल के महानिदेशक राजेश निर्वाण ने 31 अधिकारियों और कार्मिकों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, मरणोपरांत एक स्वयंसेवक के परिजन को प्रशस्ति पत्र दिया गया। श्री निर्वाण ने झण्डारोहण किया, नवनियुक्त आरक्षियों की चार टुकड़ियों की ओर से मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। सवाईमाधोपुर में हुए कार्यक्रम में गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में झंडा फहराया गया और जवानों ने सलामी दी। इस अवसर पर वाहन रैली निकाली गई।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वह फसलों की उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत ज्यादा न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के प्रति वचनबद्ध है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों का कल्याण केंद्र की वचनबद्धता है। केंद्र सरकार कई फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान, गेंहू, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर और मूंग दाल सहित अन्य कृषि उत्पादों को देश में उत्पादन लागत से पचास प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने का निर्णय किया गया है।

000

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया जा रहा है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को दर्शाने के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जयपुर में हुए एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर फूल चढ़ाए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़े वर्गों, महिलाओं और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर भारतीय समाज को बदलाव की दिशा दी। श्री शर्मा ने कहा कि सभी को डॉ. आम्बेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धाजंलि सभाओं और संगोष्ठियों के आयोजन किये गये। जैसलमेर के पोकरण में आम्बेडकर सर्किल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। पाली के बांगड़ अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। केकड़ी जिले के टोडारायसिंह के सरकारी कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने संविधान निर्माण, स्त्री शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में बाबा साहेब के योगदान पर प्रकाश डाला। बाड़मेर में आम्बेडकर चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा रखी गई। डूंगरपुर और शाहपुरा में रक्तदान शिविर लगाया गया। नीमकाथाना, बालोतरा, करौली, हनुमानगढ़, जालौर, भरतपुर, भीलवाड़ा, शाहपुरा, सवाईमाधोपुर जिलों सहित अन्य स्थानों पर भी श्रद्धाजंलि सभाएं रखी गईं।

000

राज्य में जैविक खेती में बेहतरीन काम करने वाले तीन किसानों
को एक लाख रुपये का राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश कुमार पाटनी ने जयपुर में बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए पिछले पांच सालों में कृषि या उद्यानिकी फसलों के उत्पादन तथा दो सालों से जैविक प्रमाणीकरण का काम करने वाले किसान पात्र होंगे। जैविक खेती तथा जैविक उत्पाद प्रसंस्करण और संवर्धन, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, हरी खाद और फसल चक्र के क्षेत्र में काम करने वाले किसान 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हर जिले से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति उत्कृष्ट काम करने वाले एक किसान का चयन कर राज्य स्तर पर पुरस्कार के लिए भेजेगी, जहां अंतिम चयन किया जाएगा।

000

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कल मनाया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इसी सिलसिले में आज राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वालों को याद करते हुए श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। राजभवन में उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस शहीदों और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। श्री बागड़े ने इस दौरान पूर्व सैनिकों के लिए अपनी ओर से सहयोग राशि भी दी। राज्य सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने राज्यपाल को प्रतीक रूप में झंडे का बैज लगाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ये दिन उन जांबाज सैनिकों के प्रति एकजुटता दिखाने का दिन है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ने मुख्यमंत्री को भी झण्डे का बैज लगाया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नीमकाथाना में आज एनसीसी केटेड्स की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। ये रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी।

राजधानी जयपुर में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से कल "विंटेज जीप रैली' निकाली जाएगी। विभाग के निदेशक ने बताया कि ये रैली अल्बर्ट हॉल से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जनपथ पहुंचेगी, जहां अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित किये जाएंगे। इस रैली का आयोजन आम जनता के बीच झंडा दिवस का महत्व और सशस्त्र बलों के प्रति सहयोग और सम्मान की भावना जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

000

सीकर में आज विशेष कार्यक्रम में राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने आठ शहीदों के परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र और सहायता राशि के चैक सौंपे। सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम श्री बाजौर ने कहा कि शहीदों की बदौलत ही देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने लोगों से शहीदों के परिवारों की सहायता करने की अपील की।

000

चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार में प्राप्त चढ़ावे का एक नया रिकॉर्ड बना है। पिछले सप्ताह छह चरणों में हुई इस गणना में 35 करोड़ रुपये नकद राशि मिली है। इसके अलावा ढाई किलो सोना और चौसठ किलो चांदी भी चढ़ावे में शामिल है। गौरतलब है कि पिछले साल मंदिर के भंडार से करीब 15 करोड़ रुपये की नकद राशि मिली थी।

000

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–एसआईएच का 7वां संस्करण 11 दिसम्बर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को रोजमर्रा के काम में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए मंच प्रदान करके उत्पाद नवाचार और समस्या–समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। हैकाथॉन के लिए 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्याओं के बारे में विचार पेश किये गये हैं।

000

मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना की एक सौ पचासवीं वर्षगाँठ के उपलक्ष में 14 और 15 दिसम्बर को राष्ट्रीय मैट ओलंपियाड आयोजित किया जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस ओलंपियाड में आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिये जाएंगे और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इसके लिए दस दिसम्बर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

000